वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद
अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001

सं : 8/67/4PI/2026-CPD

दिनांक: 19.06.2026

कार्यालय ज्ञापन

विषय: CSIR-फोर्थ पैराडाइम संस्थान (CSIR-4PI) का नाम परिवर्तित कर CSIR-राष्ट्रीय डेटा विज्ञान एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता संस्थान (CSIR-NIDSA) किए जाने के संबंध में।

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि सीएसआईआर की शासी निकाय (Governing Body) ने अपनी 25.02.2026 को आयोजित 212वीं बैठक में, स्टाफिंग, प्रशासनिक व्यवस्था अथवा वित्तीय संरचना में किसी प्रकार का परिवर्तन किए बिना, CSIR-फोर्थ पैराडाइम संस्थान (CSIR-4PI) का नाम परिवर्तित कर CSIR-राष्ट्रीय डेटा विज्ञान एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता संस्थान (CSIR-NIDSA) किए जाने को अनुमोदित किया है।

तदनुसार, आधिकारिक अभिलेखों, पत्राचार, समझौतों, वेबसाइटों, प्रकाशनों, प्रतिवेदनों तथा अन्य सभी दस्तावेजों में "CSIR-फोर्थ पैराडाइम संस्थान (CSIR-4PI)" के सभी संदर्भों को अब से "CSIR-राष्ट्रीय डेटा विज्ञान एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता संस्थान (CSIR-NIDSA)" के रूप में पढ़ा एवं अभिहित किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, निदेशक, CSIR-राष्ट्रीय डेटा विज्ञान एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता संस्थान (CSIR-NIDSA) उपर्युक्त निर्णय के कार्यान्वयन तथा सभी संबंधित अभिलेखों एवं संचार माध्यमों के अद्यतन हेतु आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

19/6/26

(छेरिंग तोबदन)
वरिष्ठ उप सचिव

निदेशक,
CSIR-NIDSA (पूर्व में CSIR-फोर्थ पैराडाइम इंस्टीट्यूट),
विंड टनल रोड, बैंगलोर (कर्नाटक).

प्रतिलिपि:

1. माननीय अध्यक्ष, सीएसआईआर का कार्यालय।
2. माननीय उपाध्यक्ष, सीएसआईआर का कार्यालय।
3. महानिदेशक, सीएसआईआर का कार्यालय।
4. सभी सीएसआईआर राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं/संस्थानों/मुख्यालय/इकाइयों के निदेशक/प्रमुख।
5. संयुक्त सचिव (प्रशासन), सीएसआईआर का कार्यालय।
6. वित्तीय सलाहकार, सीएसआईआर का कार्यालय।
7. मुख्य सतर्कता अधिकारी, सीएसआईआर का कार्यालय।
8. सीएसआईआर मुख्यालय के सभी निदेशालयों/प्रभागों/अनुभागों के प्रमुख।
9. सीएसआईआर वेबसाइट।
10. कार्यालय प्रति।